न्यायालय अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

2025/225 भंवरी / सुखपाल

पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
	2025/548 श्री अजीतसिंह राठौड़ श्री मुकेश जाट 1 से 8	
1.1.26	भंवरी बनाम सुखपाल वगैरह (2025/548) पत्रावली पेश की गई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। अभिभाषक श्री मुकेश जाट एडवोकेट ने रेस्पोडेन्ट संख्या 01 से 08 की ओर से वकालनामा पेश किया, जो शामिल मिसल हो। अभिभाषक अपीलांट ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि उपरोक्त उनवानी अपील में उभयपक्षकारान में राजीनामा हो चुका है। न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, पीसांगन द्वारा पारित निर्णय दिनांक 18.11.2025 निरस्त करने का आदेश प्रदान करावें। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाई जाकर विद्वान उपखण्ड अधिकारी, पीसांगन द्वारा पारित निर्णय दिनांक 18.11.2025 अन्तर्गत प्रार्थना पत्र संख्या 46/2024 का निर्णय फरमा कर उभयपक्षकारान आपसी मध्य राजीनामें अनुसार आदेश प्रदान कराने हेतु पत्रावली न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, पीसांगन रिमांड करने के आदेश प्रदान करावें। अभिभाषक रेस्पोडेन्टस ने उक्त राजीनामे पर सहमति जाहिर करते हुए अपील को राजीनामानुसार स्वीकार कर रिमांड किये जाने हेतु निवेदन किया। रेस्पोडेन्ट संख्या 01 से 03 व 8 स्वयं उपस्थित हुए एवं आदेशिका पर सहमति स्वरूप हस्ताक्षर किये जिनकी पहचान उनके अभिभाषक श्री मुकेश जाट द्वारा की गई एवं शेष रेस्पोडेन्ट की ओर से अभिभाषक रेस्पोडेन्ट श्री मुकेश जाट द्वारा रिमांड किये जाने हेतु सहमति दी गई। अतः अपील अपीलांट उभयपक्ष द्वारा राजीनामा प्रस्तुत कर सहमति दिये जाने से आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है तथा अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, पीसांगन द्वारा प्रकरण संख्या 46/2024 बउनवान सुखपाल बनाम नंदराम में पारित आदेश दिनांक 18.11.2025 को निरस्त/खारिज किया जाकर अधीनस्थ न्यायालय को राजीनामें अनुसार प्रतिप्रेषित/रिमांड किया जाता है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो। राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	सुखपाल सोहनलाल पुखराज नन्दराम मुकेश Adv. 01/01/26

न्यायालय श्रीमान् राजस्व अपील प्राधिकारी महोदय, अजमेर
अपील टी.ए संख्या 548/2025 जिला अजमेर

2025/548

1. श्रीमती भंवरी देवी पत्नि श्री हनुमान
2. श्रीमती सोहनी पत्नि श्री सवाई

समस्त जाति राईका, निवासी रामपुरा डाबला, तहसील पीसांगन, जिला अजमेर।

-- अपीलांट्स

बनाम्

548/2025
25.11.25

1. सुखपाल पुत्र श्री मिट्ठूलाल,
2. पुखराज पुत्र श्री सांवरलाल
3. सोदान पुत्र श्री मिट्ठूलाल
4. अन्नूदेवी पत्नि श्री रामनाथ
5. नर्बदा पत्नि श्री लक्ष्मण
6. रुकमादेवी पत्नि श्री नेमीचन्द
7. लीलादेवी पत्नि श्री रिद्धकरण

समस्त जाति जाट, निवासी रामपुरा डाबला, तहसील पीसांगन, जिला अजमेर।

8. नन्दराम पुत्र श्री जगदीश जाति दरोगा निवासी ढाल हाल निवासी पिचोलिया तहसील पींसागन जिला अजमेर।
9. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार महोदय पीसांगन जिला अजमेर।

-- रेस्पोडेन्ट्स

अपील अन्तर्गत धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम विरूद्ध निर्णय विद्वान उपखण्ड अधिकारी महोदय, पीसांगन दिनांक 18.11.2025 अन्तर्गत प्रार्थना पत्र संख्या 46/2024 बउनवानी सुखपाल बनाम् नन्दराम वगैरह।

Scanned with CamScanner